सफाई के समाधान की मांग : कोटपूतली में ग्राम तरियाला में सफाई व स्ट्रीट लाईट की समस्या को लेकर निवासियों ने पार्षद उमेश आर्य के नेतृत्व में नगर परिषद एक्सईएन को ज्ञापन सौंपा।

आम सूचना

"समिति की समस्त योजनाओं के सभी सदस्यों को पूर्व मे दिनांक 06.01.2011, 27.02.2016, 11.02.2021 को प्रकाशित सूचना के माध्यम से सूचित किया जा चुका है तथा इस सूचना के माध्यम से पुन सूचित किया जाता है कि समिति द्वारा आवंटित भूखण्डों के आवंटन पत्र पर यदि सदस्य की फोटो चस्पा नहीं है तो समिति के कार्यालय समय में अपने असल आवंटन पत्र मयसाईड प्लान एवं कोई भी दो पहचान पत्र मय दो पासपोर्ट साईज फोटो लाकर आवंटन पत्र की जॉच करवा कर दिनांक 15.09.2025 तक फोटो लगवा लेवे एवं सत्यापित करवा लेने, बाद मियाद यदि किसी सदस्य के आवंटन पत्र को फोटो सत्यापित नहीं होने के आधार पर एवं फोटो नहीं होने के आधार पर अस्विकार किया जावेगा तो उसमें समिति किसी भीप्रकार से उत्तरदायी नहीं होगी। साथ ही समिति द्वारा समिति के समस्त सदस्यों को भुखण्ड आवंटन केसमय भूखण्ड का भौतिक कब्जा मौके पर संभलाया जा चुका है यदि किसी सदस्य द्वारा आवंटित भूखण्ड पर आज दिनांक तक निर्माण कार्य नहीं किया गया हो तो इस सूचना प्रकाशन कीतिथि से 30 दिनों के भीतर निर्माण कार्य का सबूत समिति कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा समिति द्वारा राजस्थान कॉ-ऑपरेटिव सोसायटी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार भूखण्ड के कब्जे सम्बन्धीत ज़िम्मेदारी एवं भूखण्ड के कब्जे बाबत किसी भी वाद विवाद के लिए समिति किसी भी प्रकार से ज़िम्मेदार अथवा उत्तरदायी नहीं होगी।

मंत्री भैरव गृह निर्माण सहकारी समिति लि.
197 सुभाष कॉलोनी शास्त्री नगर जयपुर"
मंत्री

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/जोन-2/2025/डी-1183 दिनांक-05.08.2025

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राकेश अग्रवाल पुत्र श्री मालीराम अग्रवाल एवं श्रीमती ममता अग्रवाल पत्नी श्री राजेन्द्र अग्रवाल द्वारा जयपुर विकास प्राधिकरण की योजना विद्याधर नगर के भूखण्ड संख्या 50 सेक्टर नम्बर 6 कुल क्षेत्रफल 345.50 वर्गमीटर का नाम हस्तान्तरण पत्र जारी करने हेतु ऑन लाईन आवेदन संख्या 237456 द्वारा निवेदन किया गया है।
उक्त भूखण्ड की लीज डीड 28.05.2001 को श्री सुधीर गाड़िया स्व. पुत्र श्री शंकरलाल गाड़िया के पक्ष में जारी की गई थी। तत्पश्चात श्री सुधीर गाड़िया द्वारा 1. श्रीमती ममता अग्रवाल पत्नी श्री राजेन्द्र अग्रवाल,2. श्री प्रदीप अग्रवाल पुत्र श्री मालीराम अग्रवाल, 3. श्रीमती अनिता अग्रवाल पत्नि श्री प्रदीप अग्रवाल एवं 4. श्री राकेश अग्रवाल पुत्र श्री मालीराम अग्रवाल के पक्ष में जरिये रजिस्टर्ड बेचान दिनांक 12.06.2001 का किया गया है। तत्पश्चात श्री प्रदीप अग्रवाल द्वारा अपना हिस्सा श्री राकेश अग्रवाल के पक्ष में 18 जून 2025 को जरिये रजिस्टर्ड गिफ्ट डिड (बख्शीशनाम) निष्पादित किया है इसी अनुसार श्रीमती अनिता अग्रवाल द्वारा अपना हिस्सा श्रीमती ममता अग्रवाल के पक्ष में 18 जून 2025 को जरिये रजिस्टर्ड गिफ्ट डिड (बख्शीशनाम) निष्पादित किया है। इत्यादि दस्तावेज प्रस्तुत किये है।
इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/हितधारी को कोई आपत्ति हो ता विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष कमरा नम्बर पीबी-एसएफ-205, द्वितीय तल, पार्किंग स्थल, जयपुर में आपत्ति/सुझाव प्रस्तुत कर दें, अन्यथा बाद-मियाद आवेदन के पक्ष में नाम हस्तान्तरण एवं फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। बाद मियाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

उपायुक्त जोन-2, जविप्रा, जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांकः- जविप्रा/उपा./जोन-5/2025/ दिनांकः-यथाहस्ताक्षरित

प्रस्तावित भू-उपयोग उपान्तरण

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अभिमन्यु सिंह पुत्र स्व. श्री दुर्गा सिंह एवं, श्रीमती लेखा कुमारी पत्नी श्री स्वं. श्री भवानी सिंह, द्वारा निजी खातेदारी ग्राम रामपुरारूपा के खसरा नं. 475/456 अनुमोदित क्षेत्रफल 2036.41 वर्गमीटर का एकल पट्टे का आवासीय से व्यावसायिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। उपलब्ध रिकॉर्ड अनुसार निजी खातेदारी ग्राम रामपुरारूपा के खसरा नं. 475/456 अनुमोदित क्षेत्रफल 2036.41 वर्गमीटर का आवासीय प्रयोजनार्थ फ्री होल्ड एकल पट्टा दिनांक 24.02.2025 को श्री अभिमन्यु सिंह पुत्र स्व. श्री दुर्गा सिंह एवं, श्रीमती लेखा कुमारी पत्नी श्री स्वं. श्री भवानी सिंह के पक्ष में जारी किया गया था। नगरीय विकास विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन नियम - 2010 के अन्तर्गत जारी अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम- 2021 के बिन्दू संख्या 2 के उपबिन्दु - के क्रम में आवासीय से मास्टर प्लान-2025/ जोनल प्लान-04 में दर्शित व्यावसायिक प्रयोजनार्थ भू उपयोग परिवर्तन किया जाना प्रस्तावित है। उक्त भूखण्ड के साईट प्लान अनुसार उत्तर दिशा की ओर- 9 मी. रोड़, पश्चिम दिशा की ओर- 9 मी. रोड़ पूर्व दिशा की ओर- 48 मीटर रोड़ एवं दक्षिण दिशा की ओर- 12 मीटर रोड़ है। अतः किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उपरोक्त भू उपयोग परिवर्तन के संबंध में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इस आम सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की अवधि में प्राधिकरण के कमरा नम्बर पीबी-एसएफ-218डी, में दर्ज करावें। उक्त कालावधि में आपत्ति/ सुझाव प्राप्त नहीं होने पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। सूचित रहे। यह विज्ञप्ति आज दिनांक 09.08.2025 को जारी की गई।

उपायुक्त जोन-5
जविप्रा, जयपुर।

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)
न्यायालय किराया अधिकरण क्रम-2
स्थान जयपुर प्रथम
ओम कंवर विरुद्ध प्रेमनारायण
वाद/प्रार्थना पत्र रेस्टोरेशन
प्रार्थना-पत्र संख्या - 129 सन् 2023

नाम प्रेमजी उर्फ प्रेम नारायण पुत्र नवलकिशोर गुप्ता जाति... पता निवासी 3650, दीनानाथ जी का रास्ता, चाँदपोल बाजार, जयपुर
उक्त .....ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि.....
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 20 माह 08 सन् 2025 को 10.00 पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश को सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज दिनांक 05 माह 08 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय कीमुद्रा लगाकर दी गई।

आज्ञा से-रीडर
अपर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-5
मोहर अदालत
किराया अधिकरण क्रम-2, जयपुर महानगर प्रथम

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुलफरिक) वाद सं. 15214/2025
विषयः उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र।
प्रार्थीः 1. आशीष सेठी पुत्र स्व. अशोक कुमार सेठी आयु 48 निवासी ग्रेटर कैलाश 2 कॉलोनी, साउथ न्यू दिल्ली-110048 2. अमित सेठी पुत्र स्व. अशोक कुमार सेठी आयु 47 निवासी 20, 10 वीं मंजिल तिलोतम्मा नेवी, नगर आर सी के पास कुलाबा मुम्बई सिटी महाराष्ट्र-400005
मृतक अशोक कुमार व उसकी पत्नि मृतका प्रभा सेठी की सम्पत्ति के विषय में। पेशी दिनांकः 11.09.2025 सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/ प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना- पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम अशोक कुमार पुत्र हीरालाल निवासी ई- 82, सिद्धार्थ नगर मालवीय नगर, जयपुर (राज.) का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावे। अतः उक्त प्रार्थना- पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनाक 11 माह 09 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। आज दिनांक 07 माह 08 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्राकन से जारी किया गया। प्रार्थीगण ने मृतक अशोक कुमार सेठी व श्रीमती प्रभा सेठी के नाम वर्णित लॉकर में समस्त सम्पत्ति के उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र चाहा है
आज्ञा से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर, प्रथम
मुहर

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

'विकसित भारत के सपने को साकार करने में युवाओं की महत्ती भूमिका'

अलवर। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने शुक्रवार को युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के मेरा युवा भारत (माय भारत) अलवर के तत्वावधान में युवा संवाद एवं केंद्र प्रवर्तित फ्लैगशिप स्कीमों की जानकारी के संबंध में आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर कहाँ कि विकसित भारत के संकल्प में युवाओं की महती भूमिका है।

वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि सुशासन, विकास एवं अंतिम छोर के व्यक्ति को मुख्य धारा में लाने के लिए सरकारी योजनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं से आम जन को जोडऩे एवं उनको लाभान्वित कराने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं पारिस्थितिकी संतुलन के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए गए प्रयास रंग ला रहे है जिसके तहत एक पेड मां के नाम एवं हरियालो राजस्थान अभियान जन-जन का अभियान बन गया है। उन्होंने युवा स्वयंसेवकों से न केवल पौधारोपण करने का बल्कि उनकी देखभाव व संरक्षण करने तथा सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग नहीं करने के प्रति आमजन को जागरूक करने का आव्हान किया। उन्होंने युवाओं से संवाद कर कहा कि देश के सर्वांगीण विकास में युवा देश की रीढ की भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार युवाओं को इनोवेशन व नवाचारों के माध्यम से आगे बढाने के नित नए प्रयास कर रही है।

अलवर में 'रक्षा सूत्र बीमा सुरक्षा जागरूकता अभियान' का शुभारंभ

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने 'सबको बीमा अभियान' के अंतर्गत आज जिले में रक्षा सूत्र बीमा सुरक्षा जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया।

- अभियान का उद्देश्य सुरक्षा के वचन को आर्थिक सुरक्षा से जोड़ते हुए बीमा के प्रति जनजागरूकता फैलाना है

अलवर। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आईआरडीएआई और राजस्थान सरकार के निर्देशों के अनुरूप 'सबको बीमा अभियान 2047' के अंतर्गत आज जिले में रक्षा सूत्र बीमा सुरक्षा जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान जिला कलक्टर को विद्यालयी छात्राओं द्वारा रक्षा सूत्र बाँधकर अभियान का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के संयुक्त निदेशक ने जिला कलक्टर को एक विशेष उपहार स्वरूप राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कदर नंगला के सभी विद्यार्थियों की बीमा पॉलिसी सौंपी। जिला कलक्टर ने कहा कि अभियान का उद्देश्य सुरक्षा के वचन को आर्थिक सुरक्षा से जोड़ते हुए बीमा के प्रति जनजागरूकता फैलाना है। जिस प्रकार भाई अपनी बहन को रक्षाबंधन पर सुरक्षा का वचन देता है, उसी सोच को आगे बढ़ाते हुए बीमा के माध्यम से जीवन की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया। उन्होंने राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के संयुक्त निदेशक को बीमा सुरक्षा के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि बीमा योजनाओं के प्रति विद्यार्थियों, अभिभावको एवं समाज में जन जागरूकता लाने हेतु विभागीय समन्वय से कार्यक्रम आयोजित किए जाएं राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. संजीव कुमार दास ने बताया।

15 अगस्त को शहर में गढ़ की पडस से निकाली जाएगी विशाल तिरंगा यात्रा

बूंदी। भाजपा कार्यालय पर शुक्रवार को राष्ट्रव्यापी आवाज पर चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान, तिरंगा यात्रा एवं विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस को लेकर जिला स्तरीय बैठक का जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा की अध्यक्षता में आयोजन हुआ। बैठक में जिले के सभी मंडल अध्यक्ष, संयोजक और सहसंयोजको के साथ ने भाग लिया एवं आगामी कार्यक्रमों को जिले भर में पूरे उत्साह से करवाने का संकल्प लिया। जिला संयोजक भरत शर्मा ने बताया कि 11व 12 अगस्त को प्रत्येक मंडल के बूथ, शक्ति केंद्र स्तर पर तिरंगा यात्रा का आयोजन होगा। 13 अगस्त को घर घर तिरंगा वितरण 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका पर गोष्ठी का आयोजन होगा।

जिला संयोजक भरत शर्मा ने बताया कि 15 अगस्त को शहर में दोपहर 12:00 गढ़ की पड़स से विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा गढ़ की पड़त से शुरू होकर तिलक चौक, सदर बाजार चोमूखा बाजार, सब्जी मंडी रोड होते हुए आजाद पार्क पहुंचकर संपन्न होगी। तिरंगा यात्रा में जिले भर के कार्यकर्ता शामिल होंगे। मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि बैठक को पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश अठावाल, शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रंगी, सभापति सरोज अग्रवाल, पूर्व सभापति महावीर मोदी, पूर्व पालिका अध्यक्ष भगवान लाडला ने अपने विचार व्यक्त किये।

री-केवाईसी के लिये शिविर का आयोजन

कोटपूतली। भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार जनधन खातों में री-केवाईसी की अनिवार्यता को देखते हुये यूको बैंक शाखा बनेठी द्वारा ग्राम पंचायत चूरी मुख्यालय पर शुक्रवार को यूको बैंक जोनल ऑफिसर हर्षवर्धन सिंह उदावत व यूको बैंक प्रबंधक विजय कुमार यादव के नेतृत्व में विशेष षिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कायमपुराबास व चूरी के करीब 50 से अधिक खाता धारकों ने भाग लिया एवं अपने खातों की केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु आवश्यक दस्तावेज जमा किये। इससे उन ग्राहकों को सुविधा मिली जो शाखा तक नहीं पहुँच सकते थे।

रक्षाबंधन पर राखी और मिठाई विक्रेताओं में दिखी रौनक

- रक्षाबंधन पर्व शनिवार 9 अगस्त को मनाया जायेगा
- मिठाई विक्रेता अपने प्रतिष्ठान के आगे टेबल लगाकर विभिन्न प्रकार की मिठाई बेचते हुए दिखें।

फुलेरा के बाजार में राखियों की अनेकों दुकानें सजी गई है।

फुलेरा। भाई बहन के पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन की खरीदारी को लेकर राखी और मिठाई विक्रेताओं की भीड़ ने बाजार में रौनक देखने को मिलीं। गौरतलब है कि मास की पूर्णिमा पर भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक माना जाने वाला रक्षाबंधन पर्व शनिवार 9 अगस्त को मनाया जा रहा है।

इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर पवित्र रक्षासूत्र या फिर कहें राखी बांधकर उसकी लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना करती है। फुलेरा के बाजार में दुकानों के अलावा थडी ठेले वाले भी जगह जगह राखी, नारियल, गिट बेचते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिससे बाजार में रौनक लौटती हुई दिखाई दे रही है साथ ही मिठाई विक्रेता अपने प्रतिष्ठान के आगे टेबल लगाकर विभिन्न प्रकार की मिठाई बेचते हुए दिखें। वहीं कुछ बहनों का कहना है कि पिछले वर्ष के मुकाबले इस साल राखी और नारियल के भावों में तेजी हो गई है, पिछले वर्ष पानी का नारियल 15-20 रुपए में मिल रहा था, जबकि इस साल वहीं नारियल 35-40 रुपए में बिक रहा है।

अवैध स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

- गश्त के दौरान बाइक को रोकर पूछताछ करने पर आरोपी पकड़ में आया

टोंक मेहंदवास थाना पुलिस ने जयपुर-कोटा हाइवे पर बाइक सवार युवक से 100 ग्राम स्मैक जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

टोंक। मेहंदवास थाना पुलिस ने जयपुर-कोटा हाइवे पर बाइक सवार युवक से 100 ग्राम स्मैक जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि थाना पुलिस टीम द्वारा गश्त के दौरान बाईक सवार को रोककर पूछताछ के बाद मामला संदिग्ध होने पर उनकी तलाशी की गई, जिस दौरान उनके पास से 100 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई, बरामद स्मैक की अनुमानित बाजार कीमत करीब 20 लाख रुपए बताई जा रही है, बाद पूछताछ के आरोपी तेज सिंह सांसी को गिरफ्तार कर बाइक जब्त की।

सीएम को भेजी राखी

पावटा। ब्लॉक पावटा फूलाराम यादव की अध्यक्षता में पंचायती राज संस्थाओं के 1600 मंत्रालयिक कर्मचारियो की व्यथा के मध्येनजर महिला कार्मिकों ने शुक्रवार को पुकार कार्यक्रम के तहत पुकार दस्तावेज के साथ मुख्यमंत्री व पंचायती राज विभाग मंत्री को डाक पोस्ट से राखियां भिजवाई। जिसमे कैडर पुनर्गठन, स्वतंत्र जॉब चार्ट की मांग पर उनके नेतृत्व के प्रति पंचायती राज विभाग के पक्षतापूर्ण रवैये तथा नेतृत्व की प्रताडना से व्यथित होकर मुख्यमंत्री व पंचायती राज विभाग मंत्री को डाक द्वारा राखी भेजी। इस दौरान प्रवीण कुमार जांगिड, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, कमलेश अकरणीया, खेमचंद कुमावत, रामरूप मीणा, शंकर लाल मीणा, कनिष्ठ सहायक उपस्थित रहे।

मोदी के नेतृत्व में समृद्धशाली, शक्तिशाली भारत है, सभी को इस पर गर्व है : धनकड़

'हर घर तिरंगा' और 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' को लेकर भाजपा की जिला जयपुर देहात उत्तर की तैयारी बैठक हुई।

पावटा। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी ने हर घर तिरंगा-तिरंगा यात्रा और भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रमों को लेकर आँतेला एक होटल में भाजपा की जिला जयपुर देहात उत्तर की तैयारी बैठक जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल की अध्यक्षता व पूर्व सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती के मुख्य आतिथ्य एवं विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड, जिला प्रमुख रमा चोपड़ा, शाहपुरा पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल, भाजपा प्रत्याशी शाहपुरा उपेन यादव, चोमू पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, जिला प्रभारी सतवीर यादव, भाजपा नेता मुकेश गोयल, जिला उपाध्यक्ष सुरेश गिठाला, जिला प्रवक्ता राजेश शर्मा, भाजपा नेता जगन चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष विमल गर्ग के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित की गई। इसमें पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान घर तिरंगा-तिरंगा यात्रा और भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा, आयोजन की रणनीति और तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता पूर्व सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने बताया कि यह अभियान देशभर में राष्ट्रप्रेम का वातावरण बनाने की दिशा में एक प्रयास है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आठाह किया कि जब परिवार अपने घर पर तिरंगा फहराए, तो वे बच्चों को भी साथ लें। इससे बच्चों में भी देशभक्ति की भावना का संचार होगा। हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रभक्ति तथा विकसित भारत के अद्वितीय संकल्पों की सिद्धि का प्रतीक है।
उन्होंने कहा कि इस अभियान को सभी कार्यकर्ता मिलकर मनाएंगे। वही विधायक कुलदीप धनकड ने संबोधित करते हुए कहा कि, कि देश में ऐसा राजनीतिक दल है भारतीय जनता पार्टी जो तिरंगा यात्रा के माध्यम से हर समाज को अपनी राष्ट्रीयता से जोड़ती है और राष्ट्रवाद में हमारी विचारधारा में राष्ट्र प्रथम है और इस संकल्प को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारे राज्य सरकार ने विकास और प्रकृति का मार्ग प्रस्तुत कर रही है।

आम सूचना मेरे अभिभाष्य रमेश चन्द गौड पुत्र श्री सूरजमल व श्रीमति अनीता देवी पत्नि रमेश चन्द गौड़ की पुत्री सलोनी शर्मा, उम्र व्यस्क, अभिभाष्य के कहने में काफी समय से नहीं है ना ही किसी प्रकार की कोई बात मानती थी जिस कारण मेरे अभिभाष्यगण ने अपनी उक्त पुत्री को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है जिसका आज के बाद मेरे अभिभाष्यगण से कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा है ना ही भविष्य में रहेगा तथा उससे कोई भी संव्यवहार करेगा तो मेरे अभिभाष्यगण की किसी भी प्रकार से कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
जयपुर (रामराज चौधरी) एडवोकट
दिनांक- मो.नं. 9828392693

खोया पाया
मेरे फ्लट नम्बर 18/एफ.11 (3-एफ) सरस्वती अपार्टमेंट, सैक्टर-18 प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर का अलाटमेंट लेटर + हैडिंग औवर लेटर कहीं खो गया मिलने पर सूचित करें। नीलम विशनोई-9413022429

सार्वजनिक सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांकः जविप्रा/जोन-12/2025/डी-4135 दिनांक : 05.08.2025
मेसर्स युटोपिया बिल्डकॉम प्रा.लि. जरिये निदेशक श्री आदित्य चौधरी पुत्र श्री फूलचंद निवासी बी-8, देव नगर टोंक रोड, जयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपर्योग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्यापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थातः-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल हैक्टेयर	वर्तमान स्वामित्व
1.	ग्राम किशोरपुरा चारणवास तहसील जयपुर	मेसर्स युटोपिया बिल्डकॉम प्रा.लि. जरिये निदेशक श्री आदित्य चौधरी पुत्र श्री फूलचंद	204	1.0117 हैक्टेयर	जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
			207	0.9611 हैक्टेयर	
		कुल	2	1.9728	

प्रकरण में जारी 9ए0 की कार्यवाही की अवधि को एक वर्ष से अधिक होने के क्रम में उक्त सार्वजनिक सूचना जारी की जा रही है। अतः उक्त जारी सार्वजनिक सूचना के विरूद्ध किसी भी व्यक्ति/हितधारी/संस्था को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में जोन-12 कार्यालय में दर्ज करवावे, अन्यथा प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 5.8.2025 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी जोन-12, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।

नाम परिवर्तन
मैंने अपना नाम मनीष कुमार माणी से बदलकर मनीष माणी (Manish Mani) पुत्र अशोक माणी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। उपरोक्त दोनों नाम मेरे स्वयं के ही हैं। निवासी 12/470 मालवीय नगर जयपुर।

मैंने मेरा नाम राजेन्द्र कारयानी से बदलकर राजेन्द्र कुमार कारयानी (RAJENDRA KUMAR KARYANI) पुत्र श्री घनश्याम दास लालवानी रख लिया है। भविष्य में मुझे राजेन्द्र कुमार कारयानी (RAJENDRA KUMAR KARYANI) नाम से जाना पहचाना जावें। निवासी जी-1, प्लाट नं. बी-117, अयोध्या नगर, लालपुरा वैशाली नगर जयपुर

I have changed my name from Nesreen & Nasreen Jahan to Nasreen Khan for all purposes R/o 563 Mohalla Dakotaan Near Shani Mandir Outside Char Darwaja Jaipur.

I ic army no. 14499859H rank Ex NK (TS) Surender S/o Prayag singh Resident of village Kirtinagla post samleti teh mahwa district Dausa rajasthan that i want change my spouse name which is wrongly entered my service record from ASHOK KUMARI (DOB 28.08.1967) To ASHOK KANWAR (DOB 01.01.1968) vide affidavit dated 30.07.2025 before district sub majistrate mahuwa Dausa Raj.

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-6177 दिनांक-08.08.2025
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, योजना में आवास/फ्लैट संख्या 267/529 (LIG), का आवंटन श्रीमती मीनू चौहान पत्नी श्री चौथमल चौहान को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 8798 दिनांक 08.12.2005 को जारी किया गया था। जिसका भौतिक कब्जा दिनांक 19.01.2006 को सम्भलवाया गया। श्रीमती मीनू चौहान की मृत्यु दिनांक 06.10.2022 को हो जाने के कारण उनके पति श्री चौथमल चौहान पुत्र श्री भैरू दान चौहान द्वारा आवासन मण्डल मे अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री चौथमल चौहान पुत्र श्री भैरू दान चौहान का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त प्रथम प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक - 6044 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक : 05.08.2025
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 50/07 (HIG), (एरिया 236.25 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री के.के. दलेला पुत्र श्री के. पी. दलेला को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1316 दिनांक 28.06.1996 को जारी किया गया। श्री के.के. दलेला द्वारा श्री जयकृष्ण शर्मा पुत्र स्व. श्री हरिकृष्ण शर्मा को दिनांक 11.05.2005 को मुख्यस्थलगा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री जयकृष्ण शर्मा के द्वारा मुख्यस्थानगा आम की हैसियत से श्री के.के. दलेला के पक्ष में पंजीयन प्रपत्र उप पंजीयक सांगानेर-द्वितीय, जयपुर के यहाँ दिनांक 30.05.2007 को पंजीकृत करवाये गये। श्री जयकृष्ण शर्मा द्वारा मुख्यस्थलगा आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 13.06.2007 के द्वारा श्री जयकृष्ण शर्मा पुत्र स्व. श्री हरिकृष्ण शर्मा को विक्रय कर उप पंजीयक-सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। श्री जयकृष्ण शर्मा के आवेदन पर कार्यालय आदेश क्रमांक 1695 दिनांक 03.07.2007 द्वारा नाम दर्ज किया गया। श्री जयकृष्ण शर्मा द्वारा उक्त आवास को दिनांक 30.05.2025 के द्वारा श्रीमती पंकज दुबे पत्नी श्री प्रदीप कुमार दुबे एवं श्री प्रतीप कुमार दुबे पुत्र श्री राधा कृष्ण दुबे को विक्रय कर उप पंजीयक एफाटदर, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/बेची श्रीमती पंकज दुबे पत्नी श्री प्रदीप कुमार दुबे एवं श्री प्रतीप कुमार दुबे पुत्र श्री राधा कृष्ण दुबे द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती पंकज दुबे पत्नी श्री प्रदीप कुमार दुबे एवं श्री प्रतीप कुमार दुबे पुत्र श्री राधा कृष्ण दुबे का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबंधक, प्रथम राज. आ.मंडल, जयपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत बहरावण्डा खुर्द पंचायत समि